an>

Title: Need to construct pucca bathing ghats and changing room for pilgrims on the banks of river Ganga at Tigri Dham in Amroha parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

श्री कँवर सिंह तँवर (अमरोहा)ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र अमरोहा के गंगा-धाम तिगरी की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

मेरे संसदीय क्षेत्र अमरोहा की धनौरा तहसील में पवित्र गंगा नदी पर स्थित तिगरी धाम में प्रतिवर्ष कार्तिक मास में गंगा- स्नान का भव्य मेला लगता है। इसमें न केवल इस क्षेत्र, प्रदेश अपितु अन्य राज्यों जैसे-दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान से भारी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक आकर यहां पर 2-3 दिन का निवास करके गंगा-स्नान का पुण्य अर्जित करते हैं। सामान्यतः प्रतिमाह अमावस्या एवं पूर्णिमा के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा-स्नान का पुण्य अर्जित करने आते हैं। इस प्रसिद्ध तिगरी गंगा धाम में कच्चे घाट बनाकर स्नान आदि की व्यवस्था कराई जाती है, जिसके कारण यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। अक्सर यहां पर स्नान करते समय लोगों की पानी में डूबने के कारण मृत्यु हो जाती है। शायद ही कोई ऐसा महीना जाता होगा जिसमें कोई अप्रिय घटना न घटी हो।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि तिगरी गंगा धाम के महत्व को देखते हुए तिगरी गंगा धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पक्के स्नान घाटों एवं महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम का निर्माण कराया जाए ताकि यहां पर आने वाले श्रद्धालु सुविधापूर्वक गंगा स्नान का लाभ अर्जित कर सकें।